# कार्यालय अधिष्ठाता
## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कुनकुरी–जशपुर छत्तीसगढ़

क्रमांक / 21 / स्था. / अधि. / शा.चि.म. / 2026–27 जशपुर, दिनांक 05/ 05/ 2026

**// संविदा भर्ती सूचना //**

छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग की अधीनस्थ नवीन चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी–जशपुर हेतु नियमित स्थापना हेतु स्वीकृत तृतीय श्रेणी के रिक्त पद मेडिको–सोशल वर्कर (03 पद), स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 (01 पद), टेक्निशियन (10 पद), सहायक ग्रेड–3 (01 पद) तथा चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पद डिसेक्शन हॉल अटेंडेन्ट (01 पद) पर संविदा नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 06.05.2026 से 13.05.2026 (सायं 5:00 बजे) तक आंमत्रित किये जाते है। भर्ती से संबंधित विस्तृत विज्ञापन, आवदेन की प्रक्रिया, श्रेणीवार रिक्त पद, आर्हता, आयु सीमा, नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी www.cgdme.in तथा नोडल चिकित्सा महाविद्यालय, अम्बिकापुर की वेबसाईट www.gmcambikapur.co.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन आवेदन करने हेतु लिंक https://monitoringcell.cgdme.in/mpas/login है।

5/5/26

**अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**कुनकुरी-जशपुर, (छ.ग.)**

# कार्यालय अधिष्ठाता

## शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी–जशपुर, (छ.ग.)

(कैंप कार्यालय, राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव,
शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अम्बिकापुर, सरगुजा छ.ग.)

क्र./20 /शा.चि.म.कुनकुरी–जशपुर/स्था./2026 जशपुर, दिनांक 05/05/2026

## //संविदा भर्ती विज्ञापन//

छत्तीसगढ़ शासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र पृ. क्रमांक EST-103/67/2025-MED नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 30/10/2025 के परिपालन में शासकीय नवीन चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी–जशपुर हेतु स्वीकृत विभिन्न पदों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त निम्नलिखित पदों को छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग का पत्र क्रमांक EST-101(2)/177/2025-ME नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक 02/03/2026 के द्वारा संविदा भर्ती के माध्यम से भरे जाने हेतु प्राप्त निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के पात्र एवं इच्छुक स्थानीय/मूल निवासियों से दिनांक 06.05.2026 से दिनांक 13.05.2026 तक कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 11.00 बजे शाम 5.00 बजे तक डाक के माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं, निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे, पदों की संख्या निम्नानुसार है :–

### तृतीय श्रेणी पद

| क्र. | पदनाम | एकमुस्त संविदा वेतन | संविदा भर्ती हेतु कुल पद | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | | | अ.ज.जा. | | | अ.जा. | | | अ.पि.वर्ग | | | कुल रिक्तियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद संख्या |
| | | | | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | |
| 1. | मेडिको सोशल वर्कर | 32,675/– | 3 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2. | स्टेनोग्राफर ग्रेड–03 | 26,490/– | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3. | टेक्नीशियन | 26,490/– | 10 | 3 | 0 | 0 | 4 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |
| 4. | सहायक ग्रेड–03 | 18,000/– | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग – | 15 | 6 | 0 | 0 | 6 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 |

### चतुर्थ श्रेणी पद

| क्र. | पदनाम | एकमुस्त संविदा वेतन | संविदा भर्ती हेतु कुल पद | श्रेणीवार रिक्त पद | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | | | अ.ज.जा. | | | अ.जा. | | | अ.पि.वर्ग | | | कुल रिक्तियों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद संख्या |
| | | | | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | मुक्त | महिला | भू.पू.सै. | |
| 1. | डिसेक्शन हॉल अटेंडेंट | 14,860/– | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | | योग – | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

शैक्षणिक योग्यता :– तृतीय श्रेणी

| क्र. | पदनाम | शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|
| 1. | मेडिको सोशल वर्कर | समाजशास्त्र में न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि एवं मेडिको सोशल वर्कर पाठ्यक्रम में डिप्लोमा या संबंधित विषय में एम.फिल.। |
| 2. | स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>**अथवा**<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) मान्यता प्राप्त मण्डल/संस्था या शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से हिन्दी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।<br>(3) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)। |
| 3. | टेक्नीशियन | (1) जीवविज्ञान, भौतिकशास्त्र, एवं रसायनशास्त्र में हायर सेकेण्डरी परीक्षा/10+2 परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) शासकीय संस्थान से पैथोलॉजी टेक्नीशियन पाठ्यक्रम प्रशिक्षित।<br>(3) राज्य पैरामेडिकल काउंसिल में पंजीकृत। |
| 4. | सहायक ग्रेड–03 | (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>(2) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।<br>(3) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 (Key) की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)।<br>मान्यता प्राप्त संस्थ अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् से (कम्प्यूटर एवं साफ्टवेयर के माध्यम से) हिन्दी अथवा अंग्रेजी मुद्रलेखन में 5000 (Key) की डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी) का प्रमाण पत्र। |
| **शैक्षणिक योग्यता :– चतुर्थ श्रेणी** | | |
| 1. | डिसेक्शन हॉल अटेडेंट | किसी मान्यता प्राप्त मण्डल से कक्षा आठवीं की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। |

उपरोक्त समस्त पदों पर राज्य शासन (राज्य शासन से अभिप्रेत छत्तीसगढ़ राज्य से है) द्वारा सरगुजा संभाग के लिए निर्धारित आरक्षण रोस्टर अनुसार आरक्षण रखा गया है।

**नियम एवं शर्तें :–**

1. अर्हत्ताधारी उम्मीदवार ही आवेदन प्रस्तुत करें।

2. उपरोक्त विज्ञप्ति में दर्शित पदों की संख्या परिवर्तनीय है।

3. दिनाँक 01.01.2026 की स्थिति में उम्मीदवार की आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होना चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को 5 वर्ष महिलाओं के लिए 10 वर्ष तथा सभी प्रवर्ग के लिए सभी प्रकार के छूट सहित अधिकतम आयु सीमा की छूट 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

4. छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय/मूल निवासी होने के संबंध में सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त निवास प्रमाण पत्र सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5. तृतीय श्रेणी के पदों के लिए आवेदक द्वारा अपने आवेदन पत्र में उल्लेखित विवरण यथा जन्म दिनांक हेतु हाई स्कूल (दसवीं) की अंकसूची/प्रमाण पत्र हायर सेकेण्डरी स्कूल की अंकसूची, डिप्लोमा/डिग्री, जाति प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र आदि की मूल प्रतियां एवं स्व–प्रमाणित छायाप्रति तथा चतुर्थ श्रेणी के पद हेतु पांचवीं की अंकसूची के साथ जाति प्रमाण–पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि की मूलप्रतियां एवं स्व–प्रमाणित छायाप्रति सत्यापन के समय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

6. किसी भी शासकीय चिकित्सालय/अर्द्धशासकीय/निगम/मण्डल में संविदा/दैनिक वेतन तदर्थ नियुक्ति पर कार्यरत को अनुभव का अंक दी जावेगी बशर्ते आवेदक जिस पद पर आवेदन किया है उसी पद का कार्यानुभव प्रमाण पत्र होना चाहिए। प्रतिवर्ष अनुभव के लिये 02 अंक प्रदान किये जायेंगे। अनुभव के लिये अधिकतम 10 अंक निर्धारित है। प्रत्येक 06 माह की सेवा अवधि पर 01 अंक दिये जायेंगे। नियोक्ता द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र ही मान्य किये जायेंगे। अनुभव प्रमाण पत्र के साथ नियुक्ति आदेश की प्रति सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना आवश्यक है। निजी संस्था द्वारा प्रदत्त अनुभव प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा।

7. छ.ग. शासन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर के पत्र क्र. /1–67/2021/सत्रह/एक दिनांक 07.12.2021 के अनुसार कोविड 19 में छ.ग. राज्य के शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में नियुक्त एवं लगातार 06 माह सेवा देने वाले अभ्यर्थी अस्थायी कर्मचारियों को विभाग के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पदों पर 10 अंक बोनस अनुभव के अतिरिक्त दिया जावेगा।

8. लिपिक संवर्गीय पदों पर चयन के लिये कम्प्यूटर टायपिंग कौशल परीक्षा लिया जायेगा। परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को स्वंय के व्यय पर परीक्षा केन्द्र तक जाना होगा। इसके लिये कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

9. कौशल परीक्षा में 100 अंक के होंगें, जिसके 80% अंक मेरिट हेतु जोड़ें जायेंगे एवं अनुभव के लिये अधिकतम 10 अंक तथा 10 अंक बोनस का होगा। कौशल परीक्षा, अनुभव व बोनस के अंक के आधार पर लिपिक संवर्गीय पदों की वरीयता सूची तैयार किया जावेगा। शेष विज्ञापित पदों पर चयन पद हेतु वांछित शैक्षणिक योग्यता/तकनीकी योग्यता के प्राप्तांक + बोनस अंक + अनुभव अंक को जोड़कर वरीयता सूची तैयार कर चयन किया जावेगा।

10. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थियों की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।

11. आरक्षित वर्ग के आवेदकों को आरक्षित पदों पर नियुक्ति की पात्रता हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति/राज्य स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जारी सत्यापित जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

12. विज्ञापन/आवेदन का प्रारूप कार्यालय कलेक्टर जशपुर/शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कुनकुरी–जशपुर एवं चिकित्सालय जशपुर के सूचना फलक पर भी देखा जा सकता है।

13. अभ्यर्थी के पास आवश्यक शैक्षणिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य अर्हता आवेदन करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 13.05.2026 तक धारित करना आवश्यक है।

14. यदि अभ्यर्थी छ.ग. शासन के अधीन शासकीय विभाग/निगम/मण्डल/उपक्रम में कार्यरत हो तो अपने नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख से जारी "अनापत्ति प्रमाण पत्र" दस्तावेज सत्यापन के दौरान अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

15. चयन उपरांत यदि कोई जानकारी असत्य/फर्जी पायी जाती है, तो अभ्यर्थी की नियुक्ति समाप्त कर दी जावेगी तथा संबंधित के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

16. भर्ती प्रक्रिया के दौरान उत्पन्न किसी भी प्रकार की वाद पर अंतिम निर्णय लिये जाने का अधिकार नियुक्तिकर्ता अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।

17. परिणामों की घोषणा संस्था के सुविधानुसार तिथियों पर की जावेगी जिसकी सूचना समाचार पत्रों में दिया जावेगा एवं कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा किया जाएगा।

18. ये नियुक्तियाँ राज्य शासन के स्वास्थ्य विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के भर्ती नियम 1989, 2011, 2013, 2015, 2019 एवं छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश क्रमांक एफ 9–1/2008/एफ–3 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 03/02/2022 के अंतर्गत तथा राज्य शासन के भर्ती के संबंध में समय–समय पर दिये निर्देशों/नियमों के अधीन होगा।

19. अलग–अलग पदों के लिए अलग–अलग आवेदन प्रस्तुत करना होगा ।

20. उपरोक्त संविदा भर्ती की समस्त कार्यवाही हेतु स्थान–नोडल संस्था, राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अंबिकापुर, सरगुजा छ.ग.।

5/5/26

**अधिष्ठाता**
**शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय**
**कुनकुरी–जशपुर, जिला–जशपुर (छ.ग.)**